# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
# निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग थराली

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, CON. DIV. PWD THARALI**

e_mail :- pwdtharali@gmail.com

पत्रांक 1567/36C दिनांक 22/8/2023

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
बद्रीनाथ वन प्रभाग
गोपेश्वर चमोली।

**विषयः**– जनपद चमोली के अन्तर्गत फारकोट से डडुवागाड़ तक मोटर मार्ग का निर्माण हेतु 2.610 हे0 वन भूमि का लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरण प्रस्ताव।

**सन्दर्भः**–आपका पत्रांक 6617/12–1 दिनांक 24.06.2023

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के अनुपालन में उपरोक्त विषयक वन भूमि प्रस्ताव में लगाई गई आपित्तयो के निराकरण के सम्बन्ध में।

यह मोटर मार्ग कर्णप्रयाग ग्वालदम अल्मोड़ा मोटर मार्ग के नलगांव से प्रारम्भ होकर नलगांव भटियाणा मोटर मार्ग के किमी0 2 के प्रारम्भ होता है व इस मोटर मार्ग की लम्बाई 4 किमी0 है यह मोटर मार्ग ग्राम फारकोट, भैस, वाड़ा गेट सोल्टा, डडुवागाड़, तुनेडा चोपता ग्रामों को जोड़ेगा वर्तमान में डडुवागाड ग्राम तक मोटर मार्ग की लम्बाई नारायणबगड़ ब्लॉक मुख्यालय से 28 किमी0 है। उक्त मोटर मार्ग के बनने से ग्रामों को ब्लॉक मुख्यालय नारायणबगड़ से दूरी 15 किमी0 कम तय करनी पड़ेगी तथा जिला मुख्यालय गोपेश्वर पंहुचने के लिए 29 किमी0 कि दूरी कम तय करनी पड़ेगी। जिससे ग्राम वासियों को चिकित्सा व अन्य कार्यो के लिए कम दूरी तय करनी पड़गी व यात्रा सुगम होगी जिस का लाभ समस्त ग्राम वासियों को होगा व नगदी फसल आलू, टमाटर, गोभी, आदि सब्जियों को मुख्यालय तक पंहुचनें मे कम किराया देना पड़ेगा। इस मोटर मार्ग में वृक्षों की गणना 7 मी0 में कम से कम वृक्षो को क्षति पहुचाते हुए गई है, व इस मार्ग के निर्माण से क्षेत्र वासियों को कोई आपत्ति नही है। इस मार्ग के बन जाने से क्षेत्र को अधिक से अधिक जनसंख्या को लाभ मिलेगा जिस हेतु उक्त मोटर मार्ग का निर्माण कार्य किया जाना अत्यन्त आवश्यक है।

(3) 22-8-23

अधिशासी अभियन्ता
नि0ख0 लो0नि0वि0
थराली चमोली।

पत्रांक 1567/36C दिनांक 22/8/2023

**प्रतिलिपिः**– सहायक अभियन्ता चतुर्थ को सूचनार्थ प्रेषित।
**प्रतिलिपिः**– खण्डीय अमीन/कनिष्ठ अभियन्ता आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता
नि0ख0 लो0नि0वि0
थराली चमोली।